Website: www.rssrashtriya.org E-mail: rss.rashtriya@gmail.com

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)

कार्यालय: 82, पटेल कॉलोनी, गवर्नमेन्ट प्रेस के पास, सरदार पटेल मार्ग, जयपुर-302001
संरक्षक: सर्वश्री राजनारायण शर्मा, उमराव लाल वर्मा, रामावतार शर्मा, प्रहलाद शर्मा

(Regd. & Recognised by Govt. & Affiliated to ABRSM, AIPTF, AISTF, E.I. & RRKM)

| रमेश चन्द्र पुष्करणा | सम्पत सिंह | घनश्याम | महेन्द्र कुमार लखारा |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | सभाध्यक्ष | संगठन मंत्री | महामंत्री |
| 9460057712 | 9413344625 | 9460613672 | 9460209114 |


क्रमांक: रा.शि.संघ (राष्ट्रीय)/महामंत्री/0217 दिनांक- 03/05/2025

**श्रीमान प्रमुख शासन सचिव,**
**स्कूल शिक्षा, जयपुर।**

**विषय :– पीडी मद में कार्यरत शिक्षको को वेतन भुगतान की राशि आवंटन करने के क्रम में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि राज्य के कई प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयो में कार्यरत पीडी मद के शिक्षको का वेतन भुगतान दो–तीन माह से बकाया है। आज दिनांक तक भी लगभग तीन माह का वेतन इन शिक्षकों का बकाया चल रहा है।

शिक्षा विभाग द्वारा तीन माह बाद देरी से बजट आवंटित किए जाने के कारण पीडी मद में कार्यरत शिक्षको के वेतन भुगतान में समस्या आ रही है। इन शिक्षको को माह के प्रथम सप्ताह में वेतन भुगतान के राज्य सरकार के आदेश की पालना नही हो पा रही है।

समय पर वेतन भुगतान नही हो पाने से उन सभी शिक्षकों की अपनी घरेलू व्यवस्थाएं व आर्थिक प्रबंधन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कई शिक्षको ने अपने वेतन खाते से बैंक लोन ले रखे है। लोन किश्त भुगतान की तारीख तक बैंक के खाते में वेतन जमा नही होने के कारण बैंक द्वारा पेनल्टी वसूल की जाती है।

अतः संगठन का आग्रह है कि पीडी मद में कार्यरत शिक्षको के लिए वेतन का बजट शीघ्र आवंटन करें।

भवदीय

(महेंद्र कुमार लखारा)
महामंत्री